www.deshkiupasana.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

RNI NO - UPHIN/2022/86937

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

DKU LIVE
सब पर नज़र, सबकी ख़बर

वर्ष – 04 | अंक – 175 | जौनपुर सोमवार, 09 फरवरी 2026 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## भरोसा भारत की सबसे बड़ी करेंसी - पीएम मोदी



नई दिल्ली, एजेंसी। पीएम मोदी ने कुआलालंपुर में एक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जल्द ही मलेशिया में नया वाणिज्य दूतावास खोलेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने 10 वर्षों में व्यापक परिवर्तन देखा है और तब यह 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, लेकिन अब हम शीर्ष तीन में शामिल होने के करीब हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत जल्द ही छात्रों को भारत में अध्ययन करने के लिए तिरुवल्लुवर छात्रवृत्ति प्रदान करेगा और यह भी बताया कि ब्रिटेन, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के भारत के साथ व्यापारिक समझौते हैं विश्वास भारत की सबसे मजबूत मुद्रा बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कहा था कि भारत को सिर्फ एक विशाल बाजार के रूप में देखा जाता था। उन्होंने कहा कि अब हम निवेश और व्यापार का केंद्र हैं। भारत को विकास के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में देखा जाता है। चाहे वह ब्रिटेन हो, यूएई हो, ऑस्ट्रेलिया हो, न्यूजीलैंड हो, ओमान हो, यूरोपीय संघ हो या अमेरिका हो, इन सभी देशों के भारत के साथ व्यापारिक समझौते हैं। भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मलेशिया में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा भारतीय मूल का समुदाय है। भारतीय और मलेशियाई दिलों को जोड़ने वाली कई चीजें हैं। आप ही वो जीवंत सेतु हैं जो हमें जोड़ता है। आपने रोटी कनाई को मालाबार परोटा से जोड़ दिया है। नारियल, मसाले और हां, तेह तारिक। कुआलालंपुर हो या कोच्चि, ये स्वाद इतने परिचित लगते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम एक–दूसरे को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। यह शायद आपकी भाषाओं और मलय भाषा में समान शब्दों की बड़ी संख्या के कारण है। मैंने सुना है कि मलेशिया में भारतीय संगीत और फिल्में लोकप्रिय हैं। आप सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बहुत अच्छा गाते हैं। लेकिन भारत में कई भारतीयों को यह पता नहीं था। उनकी पिछली यात्रा के दौरान, वे सुखद रूप से आश्चर्यचकित हुए। भारत में एक पुराना हिंदी गीत गाते हुए उनका वीडियो वायरल हो गया। यह भी बहुत अच्छी बात है।

## हमारी संप्रभु मॉडल रणनीति सर्वम दे रही नतीजे, आलोचक कर रहे तारीफ – केंद्रीय मंत्री वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हमारी संप्रभु मॉडल रणनीति नतीजे दे रही है। सबसे अधिक आलोचना करने वाले समीक्षक भी सर्वम की ओर से हमारे एआई मिशन के हिस्से के तौर पर जारी किए गए प्रौद्योगिकी से एडवांस मॉडल की तारीफ कर रहे हैं।



कौन है डीडी और उन्होंने क्या कहा?

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने यह टिप्पणी मेंलोवेंचर्स के साझेदार और ग्लीन व गूगल सर्च के संस्थापक टीम के सदस्य रहे डीडी के ट्वीट के जवाब की। मंत्री ने कहा कि हमारे स्मार्ट युवा इंजीनियर मटेरियल साइंस, हेल्थकेयर और साइबर सुरक्षा में ऐसे इनोवेशन पर काम कर रहे हैं, जिन्हें दुनिया अग्रणी मॉडल के तौर पर पहचानेगी। उन्होंने आगे कहा, दरअसल, डीडी ने एक्स पर एक ट्वीट में कहा कि मैं सर्वम के बारे में गलत था। जब मैंने एक साल पहले इसके बारे में लिखा था, तो मुझे लगा था कि छोटी इंडिक भाषा के मॉडल को प्रशिक्षित करने की दिशा गलत है लेकिन दोस्तों, उन्होंने तो कमाल कर दिया। उनके पास भारतीय भाषाओं के लिए सबसे अच्छे टेक्स्ट– टू–स्पीच, स्पीच–टू–टेक्स्ट और ओसीआर मॉडल हैं तथा यह सच में बहुत बहुमूल्य है।

## संक्षिप्त खबरें

### गौरव गोगोई के कथित 'पाकिस्तान कनेक्शन' की जांच केंद्र को सौंपने की तैयारी

गुवाहाटी, एजेसी। असम सरकार ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई और उनकी पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न से जुड़े कथित 'पाकिस्तान कनेक्शन' मामले को केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास भेजने का निर्णय लिया है। शनिवार को हुई असम कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। रविवार को मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी और कहा कि राज्य सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे केंद्र के संज्ञान में लाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार एलिजाबेथ कोलबर्न के ओसीआई (ध्अमतेमें ब्पजप्रमद व्ि प्दकपं) दर्जे या वीजा को रद्द करने की मांग करेगी, क्योंकि सरकार के अनुसार उनकी गतिविधियां "भारत के हितों के प्रतिकूल" हो सकती हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई और उनकी पत्नी पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि गोगोई और उनकी पत्नी एलिजाबेथ का संबंध पाकिस्तानी नागरिक और कथित एजेंट अली तौकीर शेख से रहा है। मुख्यमंत्री के अनुसार, एक पाकिस्तानी फर्म ने एलिजाबेथ को नौकरी पर रखा और बाद में उन्हें भारत में तैनात किया। एलिजाबेथ भारत से संबंधित सूचनाएं एकत्र करती थीं और उन्हें अली तौकीर शेख को रिपोर्ट करती थीं। अली तौकीर शेख उन्हें इस काम के बदले भुगतान करता था। अली तौकीर शेख वर्ष 2010 से 2013 के बीच 13 बार भारत आया था।

### चुनाव से पहले 17 फरवरी को सरकार विधान सभा में पेश करेगी बजट

चेन्नई, एजेसी। तमिल नाडु विधानसभा 17 फरवरी को फिर से शुरू होगी, जहां वित्त वर्ष 2026–27 के लिए राज्य का अंतरिम बजट पेश किया जाएगा। यह जानकारी विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पावु ने शनिवार को दी। यह सत्र सुबह 9रू30 बजे शुरू होगा और इसे इस साल अप्रैल या मई में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आयोजित किया जा रहा है। तिरुनेलवेली में पत्रकारों से बात करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सत्र के पहले दिन वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु अंतरिम बजट पेश करेंगे। खर्च चलाने के लिए विधानसभा से मंजूरी लेने के साथ–साथ अपनी वित्तीय योजनाओं और प्राथमिकताओं को भी सामने रखेगी। अंतरिम बजट के अलावा, वित्त मंत्री 2026–2027 के लिए अग्रिम अनुदान की मांग और चालू वित्त वर्ष 2025–26 के लिए अतिरिक्त खर्च की मंजूरी से जुड़े प्रस्ताव भी सदन में पेश करेंगे। इन वित्तीय मामलों पर 20 फरवरी को विधानसभा में चर्चा की जाएगी।

## पिछली बीआरएस सरकार ने फोन टैपिंग कर कारोबारियों से की करोड़ों की वसूली – सीएम रेवंत

हैदराबाद, एजेंसी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने रविवार को आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती बीआरएस सरकार ने फोन टैपिंग के जरिये कारोबारियों को ब्लैकमेल किया। उन्होंने कहा कि इस तरीके से सैकड़ों करोड़ रुपये की वसूली की गई।

सीएम ने नगर निकाय चुनाव से पहले जनसभा को किया संबोधित



मुख्यमंत्री ने 11 फरवरी को होने वाले नगर निकाय चुनावों से पहले जयशंकर भूपालपल्ली जिले के चेलपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को श्ब्लैकमेल राजनीतिक समितिश करार दिया।

विपक्षी नेताओं और पत्रकार की भी फोन टैपिंग कराई

रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि बीआरएस ने फोन टैपिंग करवाई। उन्होंने कहा कि इसमें विपक्षी नेता, हाईकोर्ट के जज और यहां तक कि पत्रकार भी नहीं बचे। उन्होंने कहा कि पति–पत्नी की निजी बातचीत सुनी गई। फिल्मी सितारों की बातें सुनी गईं। कारोबारियों को ब्लैकमेल किया गया। रेड्डी ने सवाल किया कि क्या इससे बड़ा कोई अपराध हो सकता है? क्या इनसे बड़ा कोई पापी हो सकता है?

सांसद कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी के आरोप का हवाला दिया

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना के भाजपा सांसद कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी ने भी यह आरोप लगाया था कि उनका फोन टैप किया गया।

रेड्डी ने सांसद के बयान का हवाला देते हुए कहा कि फोन टैप किए गए। जमीन खरीदने वालों को धमकाया गया और चुनावी बांड के जरिये करोड़ों रुपये इकट्ठा किए गए।

## व्यापार समझौता में देश की संप्रभुता से कोई समझौता नहीं - पीयूष गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर चर्चाएं तेज हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए इस डील को लेकर उठाए गए सवालों का जवाब दिया। गोयल ने उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया जिनमें कहा जा रहा था कि भारत ने इस समझौते में अपनी संप्रभुता से समझौता किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें करने वाले लोग अज्ञानी हैं। यह ट्रेड डील एक लेबर ऑफ लव है।

किसानों के हितों की पूरी रक्षा

पीयूष गोयल ने कहा कि कृषि के मामले में भारत के किसानों और उत्पादकों के हितों का 100: ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि भारत ने मांस, पोल्ट्री, जीएम फूड्स या उनके उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी है। इसके अलावा सोया मील, मक्का, चावल, गेहूं जैसे अनाज



और ज्वार, बाजरा, रागी जैसी फसलों पर भी कोई छूट नहीं दी गई है। उन्होंने आगे कहा कि भारत में पैदा होने वाले फल जैसे केला, स्ट्रॉबेरी, चेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग जैसी दालें, तिलहन, मूंगफली और शहद जैसे उत्पादों पर भी कोई समझौता नहीं किया गया है। ये सभी उत्पाद भारत के लिए संवेदनशील हैं और इनके मामले में कोई नरमी नहीं बरती गई है।

तेल खरीदना भारत के हित में

अमेरिका से कच्चा तेल या एलएनजी खरीदने के सवाल पर गोयल ने कहा कि यह भारत के अपने रणनीतिक हितों में है। इससे हमें तेल के स्रोतों में विविधता लाने में मदद मिलती है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कौन कहां से क्या खरीदेगा, यह फैसला कंपनियां खुद लेती हैं। व्यापार समझौते का काम व्यापार के रास्ते को आसान बनाना है।

जल्दबाजी में नहीं हुई कोई बातचीत

पीयूष गोयल ने बताया कि किसी भी देश के साथ व्यापार समझौते की बातचीत बहुत गहन और विस्तृत होती है। इसमें हर एक चीज पर बारीकी से बात की जाती है और भविष्य को ध्यान में रखकर फैसले लिए जाते हैं। यह बहुत धैर्य का काम है और इसे कभी भी जल्दबाजी में है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां देगा - शिवराज सिंह

नई दिल्ली, एजेसी। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत–अमेरिका व्यापार समझौते का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुए हालिया व्यापार समझौता को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति और नई ऊंचाइयां देने वाला साबित होगा। व्यापार समझौता केवल एक व्यापारिक समझौता नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक भी है। यह डील भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ–साथ उसे नई दिशा प्रदान करेगी।

किसान की गरिमा का पूरा ध्यान रखा गया–शिवराज सिंह

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह समझौता पूरी दुनिया के लिए भी एक स्पष्ट संदेश है। यह समझौता दुनिया को संदेश देती है



कि भारत की नीति प्रतिबद्धता की है, धोखे की नहीं। हम आत्मविश्वास के साथ देश के हित में निर्णय लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर संतुलित और सकारात्मक रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। हम सौदेबाजी की राजनीति नहीं करते, बल्कि संतुलित रणनीति अपनाकर सकारात्मक संवाद में विश्वास रखते हैं। यही वजह है कि आज भारत वैश्विक स्तर पर एक भरोसेमंद और मजबूत साझेदार के रूप में उभर रहा है। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, यह व्यापार समझौता कूटनीति, विकास और गरिमा का एक उत्तम उदाहरण है। कूटनीति का अर्थ है राष्ट्र प्रथम और इस समझौते में भारत के राष्ट्रीय हित सर्वोपरि रखे गए हैं। विकास यानी विकसित भारत की दिशा में बढ़ते कदम यह डील उसके लिए भी एक मजबूत आधार प्रदान करती है।

गरिमा का मतलब है किसान की गरिमा, और मुझे गर्व है कि इस समझौते में किसान की गरिमा का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि और किसानों को लेकर देश के मन में जो भी चिंताएं थीं, उनका इस व्यापार समझौता में समाधान किया गया है।

## कराईकल दौरे पर अमित शाह, जन सभा से पहले सुरक्षा के कड़े इंतजाम

चेन्नई, एजेसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 14 फरवरी को पुडुचेरी के कराईकल का दौरा करेंगे। उनकी यात्रा से पहले बड़े पैमाने पर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अमित शाह की जनसभा के दौरान कड़ी सुरक्षा और भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पूरे इलाके में लगभग 500 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पुडुचेरी पुलिस और संबंधित सुरक्षा इकाइयों के जवानों को मुख्य चौराहों, जगहों और एंट्री पॉइंट्स पर तैनात किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था की सीधी निगरानी पुडुचेरी के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस करेंगे। रूटीन और सड़क स्तर की पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है, जबकि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सोमवार से तमिलनाडु– कराईकल सीमा पर गाड़ियों की चेकिंग भी बढ़ाई जाएगी। गृह मंत्री अमित शाह के हेलीकॉप्टर से थिरुनल्लर तक पहुंचेंगे और फिर कराईकल के म्युनिसिपल ग्राउंड में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि वह उसी दिन रवाना होने से पहले प्रसिद्ध थिरुनल्लर मंदिर भी जा सकते हैं। फाइनल कार्यक्रम अगले कुछ दिनों में कन्फर्म होने की संभावना है। इसी बीच, भाजपा ने भी पार्टी स्तर पर कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी हैं। इस दौरे को पुडुचेरी विधानसभा चुनावों से पहले एक महत्वपूर्ण राजनीतिक कार्यक्रम के तौर पर देखा जा रहा है। मीटिंग की तैयारी शनिवार को म्युनिसिपल ग्राउंड में स्टेज और पंडाल के निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह के साथ शुरू हुई। इस समारोह में पुडुचेरी विधानसभा स्पीकर आर. सेल्वम शामिल हुए।



## सूरजकुंड मेले में मातम, जान बचाते हुए पुलिस इंस्पेक्टर शहीद, सीएम सैनी ने किया मदद का ऐलान

हरियाणा, एजेंसी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने रविवार को सूरजकुंड मेले में हुए हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने इस हादसे में जान गंवाने वाले पुलिस इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की बहादुरी की तारीफ की और उनके परिवार को हर संभव मदद देने का भरोसा दिया।



कैसे हुआ यह दर्दनाक हादसा?

शनिवार की शाम सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में खुशियों का माहौल तब मातम में बदल गया जब श्सुनामीश नाम का एक झूला अचानक टूट गया। उस वक्त झूले पर करीब 19 लोग सवार थे। झूला हवा में ही एक तरफ झुक गया और फिर सीधा जमीन पर आ गिरा। इस हादसे में कई लोग घायल हुए और राहत कार्य के दौरान एक पुलिस अधिकारी की जान चली गई।

कौन थे जगदीश प्रसाद?

पलवल में तैनात इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद मेले में ड्यूटी पर थे। जैसे ही झूला गिरा, उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना अंदर फंसे लोगों को निकालने की कोशिश शुरू कर दी। इसी दौरान वे गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। जगदीश प्रसाद 1989 में पुलिस में भर्ती हुए थे। 36 साल की सेवा के बाद वे इसी साल मार्च में रिटायर होने वाले थे।

मुख्यमंत्री सैनी ने क्या कहा?

मुख्यमंत्री सैनी ने बताया कि हादसे की खबर मिलते ही पर्यटन मंत्री और बड़े अधिकारियों को मौके पर भेजा गया था। उन्होंने कहा कि शहीद इंस्पेक्टर के परिवार को आर्थिक सहायता और सुरक्षा दी जाएगी।

## एसआईआर को लेकर सुवेंदु अधिकारी का टीएमसी पर हमला, घुसपैठियों को संरक्षण देने का लगाया आरोप

पटना, एजेंसी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि टीएमसी बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों, खासकर मुस्लिम घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि दो दिन पहले राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण में भी यह बात स्पष्ट रूप से सामने आई थी कि किस तरह कुछ लोग घुसपैठियों को बचाने और देश को नुकसान पहुंचाने के लिए अदालत तक जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर कोई नया मामला नहीं है, बल्कि यह प्रक्रिया अब तक नौ बार हो चुकी है, जिसमें पहले भी आठ बार ऐसा किया जा चुका है। सुवेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी देशहित में नहीं, बल्कि तुष्टिकरण की राजनीति के तहत काम कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य में अवैध गतिविधियों को



बनर्जी की सरकार घुसपैठियों और एक विशेष वर्ग के संरक्षण का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ममता बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी खतरा पैदा हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में बदलाव तय है और राज्य में सनातनी सरकार तथा राष्ट्रवादी प्रशासन बनेगा। उन्होंने कहा कि अब जमात और आतंकवादी तत्वों को जो कथित समर्थन कट्टरपंथी सरकार द्वारा दिया जा रहा था, वह आगे जारी नहीं रहेगा। तुष्टिकरण की राजनीति का अंत होगा और पश्चिम बंगाल में सनातन मूल्यों की स्थापना होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में बंगाल में एक मजबूत, राष्ट्रवादी और जनहित में काम करने वाली सरकार देखने को मिलेगी। वहीं, एसआईआर पर भाजपा के स्टेट प्रेसिडेंट समिक भट्टाचार्य कहते हैं, देखिए, हर किसी को फॉर्म–7 भरने का हक है, लेकिन ममता का दिल बड़ा है, उनकी बात साफ है।

## संपादकीय

# चक्रव्यूह में फंस रहा किशोर मन

तीन मासूम बेटियों की छत से कूदकर आत्महत्या करने वाली खौफनाक खबर की गहरी दुखांतिका पर किसी भी संवेदनशील हृदय का उद्वेलित होना सहज बात है। एक उम्र जिसके सामने भविष्य के सपने और वर्तमान का फलक फैला पड़ा हो, वह ऐसा घातक रास्ता क्यों चुनेगी? यह एक बहुत बड़ा प्रश्न है, समाज और व्यवस्था के सामने। इसका उत्तर मानवीय मनोविज्ञान में छुपा है, जिसे आज के परिवेश ने अभूतपूर्व रूप से विकृत कर दिया है। अब सबसे बड़ी आवश्यकता है कि मनोवैज्ञानिक और समाजशास्त्री इस गुत्थी की परतें खोलकर निवारक उपाय सुझाएं।

एक बहुत बड़ी सच्चाई है कि मानव स्वभाव से ही सुविधा आग्रही और स्वप्नजीवी है। बड़ों की तो बात अलग है, लेकिन अपरिपक्व मस्तिष्क यह नहीं समझ पाता है कि वास्तविक दुनिया उसके सपनों की दुनिया से बिल्कुल अलग है। सच्चाई के धरातल पर जब कच्चा स्वप्न संसार गिरता है तो वह चूर–चूर होकर जिस मनःस्थिति को जन्म देता है, उसे पलायनवाद कहा जा सकता है। इस स्थिति में अपरिपक्व मस्तिष्क, वास्तविक दुनिया से अलग जिस संसार की रचना कर लेता है, उसे आभासी संसार कहा जाता है। जो मिला नहीं, उसे प्राप्त करना ही इस आभासी संसार का हेतु है।

किशोर मन की बात करें तो यहां एक बड़ा पेंच है। परिपक्व मन की इच्छाएं और कामनाएं उतनी व्यापक और अव्यावहारिक नहीं होती हैं, जितनी किशोर मन की। किशोर मन के लिए निर्द्वंद्व होकर कल्पना लोक में सीमाहीन उड़ान भरना एक सहज और स्वाभाविक बात है।

भले ही वह संभावनाओं से कोसों दूर हो। अपरिपक्व मन तो आकाश और समंदर को भी बाहों में भरने, फूल की सुगंध को छूने या हवाओं से बात करने तक की संभावनाएं तलाशने लगता है। यह उम्र ही ऐसी है। किशोर वय में उठने वाले हार्मोनल तूफान, कच्चे मन को कर्तव्य और अकर्तव्य का भेद करने में बिल्कुल अक्षम बना देते हैं। उस पर इस बात का कतई फर्क नहीं पड़ता है कि क्या संभव है या क्या असंभव है। उसकी वैचारिक उड़ान के लिए किसी तर्कसंगत अथवा व्यावहारिकता की सीमा ही नहीं होती है। वैसे, यह लड़ाई पूरी तरह सरकारी स्तर पर नहीं लड़ी जा सकती, क्योंकि सरकार की अपनी सीमाएं हैं। इस मकड़जाल से निकलने के लिए हमारे व्यक्तिगत प्रयत्न ही एकमात्र उपाय हैं। मां–बाप, भाई–बहन जैसे तमाम रिश्तों की सम्यक भागीदारी ही कच्चे किशोर मन को इस खतरनाक रास्ते पर जाने से रोक सकती है। आज के भौतिकवाद और तकनीकी आंधी में हमें मिलकर काम करने की जरूरत है।

# प्रशिक्षण लेकर सीख रहे हुनर

तारा शंकर

अगर कुछ कर गुजरने का जज्बा मन में हो तो जीवन में हर काम आसान हो जाता है। इस कथन को आत्मसमर्पित माओवादियों ने चरितार्थ किया है। जिन हाथों ने कभी बंदूक थामकर हिंसा की राह अख्तियार किया था, आज उन्हीं हाथों को राज्य की नक्सल पुनर्वास नीति के तहत कुशल और दक्ष बनाने की कवायद जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। शासन की मंशानुसार ग्राम चौगेल (मुल्ला) कैंप में प्रशिक्षण देकर 'हिंसा से हुनर' की ओर लौटे माओवादियों को नया जीवनदान मिल रहा है। कभी माओवाद गतिविधियों में संलिप्त रहे युवक–युवतियों को अब ड्राइविंग, सिलाई, काष्ठशिल्प कला, सहायक इलेक्ट्रिशियन जैसे विभिन्न ट्रेड में सतत् प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे समाज की मुख्य धारा में लौटने के बाद आजीविका मूलक गतिविधियों में कुशल होकर बेहतर ढंग से सम्मान पूर्वक जीवन निर्वाह कर सके। चौगेल कैंप परिसर बना कौशलगढ़ वर्षों से लाल आतंक के साए में हिंसा का दंश झेल रहा बस्तर संभाग अब विकास की ओर शनैः–शनैः आगे बढ़ रहा है और माओवाद का दायरा धीरे–धीरे सिमटता जा रहा है। छत्तीसगढ़ सहित देश को माओवाद से मुक्ति दिलाने केंद्र सरकार के संकल्प को पूरा करने प्रदेश सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। वहीं हथियार उठाने वालों को भविष्य गढ़ने का सुनहरा अवसर भी सरकार द्वारा दिया जा रहा है। आत्मसमर्पित पीड़ित नक्सल पुनर्वास नीति–2025 के अंतर्गत उन्हें विभिन्न सृजनात्मक और रोजगारमूलक गतिविधियों के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भानुप्रतापपुर विकासखंड से लगे ग्राम चौगेल (मुल्ला) का बीएसएफ कैम्प परिसर 'कौशलगढ़' बन गया है, जहां समाज की मुख्यधारा में लौटे 40 आत्मसमर्पित माओवादियों को अलग–अलग पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जा रहा है, साथ ही उन्हें शिक्षित भी किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार कक्षा पहली से आठवीं तक के पाठ्यक्रमों का नियमित अध्ययन कराया जा रहा है, जिसमें रूचि लेते हुए सभी आत्मसमर्पित माओवादी अपने भविष्य को पूरी शिद्दत से गढ़ने में संलग्न हैं। 20–20 का बैच बनाकर उन्हें हुनरमंद बनाने के सतत प्रयास किए जा रहे हैं। मनहेर तारम चारपहिया वाहन चालन का प्रशिक्षण ले रहे आत्मसमर्पित माओवादी 40 वर्षीय मनहेर तारम ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से उन्हें ड्रायविंग की ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसे वे पूरी रूचि के साथ सीख रहे हैं। ट्रेनर द्वारा स्टेयरिंग थामने से लेकर क्लच, ब्रेक व एक्सिलरेटर का प्रयोग करना सिखाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ड्रायविंग सीखने की चाहत अब पूरी हो रही है। इसके अलावा सिलाई और काष्ठशिल्प का प्रशिक्षण कैम्प में दिया जा रहा है। इसी तरह नरसिंह नेताम ने बताया कि वह भी फोरव्हीलर की ड्रायविंग में अपना हाथ आजमा रहे हैं तथा यहां आकर ऐसी गतिविधियों से जुड़ रहे हैं, जिससे आगे का जीवन बेहतर हो सके। 19 साल के सुकदू पद्दा ने बताया कि यहां पिछले तीन महीने से ट्रेनिंग ले रहे हैं और खुद को आजीविका मूलक कार्यों से जोड़ रहे हैं, जबकि वह निरक्षर है। वहीं 19 वर्ष की कु. काजल वेड़दा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहां आकर अलग–अलग पाठ्यक्रमों में नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें बचपन से कपड़ों की सिलाई करने की इच्छा थी, यहां आकर वह भी पूरी हो रही है। वहीं शिक्षकां के द्वारा प्राथमिक शिक्षा का भी वह लाभ ले रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इसी तरह कैंप में रह रहे जगदेव कोमरा, राजू नुरूटी, बीरसिंह मण्डावी, मैनू नेगी, सनऊ गावड़े, मानकी नेताम, सामको नुरूटी, उंगी कोर्राम, रमोती कवाची, मानकेर हुपेंडी, डाली सलाम, गेंजो हुपेंडी सहित सभी आत्मसमर्पित माओवादी अपनी रूचि अनुसार ड्राईविंग, काष्ठशिल्प कला, सिलाई मशीन तथा सहायक इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उनका नियमितरूप से स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाईयां दी जाती हैं। पुनर्वास कैंप के नोडल अधिकारी विनोद अहिरवार ने बताया कि कलेक्टर उत्तर बस्तर कांकेर के निर्देशानुसार आत्मसमर्पित 40 माओवादियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए विभिन्न पाठ्यक्रमों में 20–20 के बैच में चौगेल (मुल्ला) कैंप में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और सभी को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित किया जा रहा है। भविष्य में मशरूम उत्पादन, बागवानी सहित विभिन्न सृजनात्मक एवं स्वरोजगार मूलक पाठ्यक्रमों में जल्द ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस तरह आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे माओवादियों को राज्य शासन द्वारा अवसर देकर उन्हें आत्मनिर्भर तथा स्वरोजगार मूलक सकारात्मक कार्यों से जोड़ा जा रहा है, जिससे उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करने का मौका मिल सके।

# सूर्योपासना से राजा का इलाज

आशुतोष

एक समय की बात है, राजा भद्रेश्वर के बाएं हाथ में श्वेत कुष्ठ रोग हो गया, जो धीरे–धीरे बढ़ने लगा। अनेक वैद्यों ने उपचार किया, परंतु औषधियों से रोग मिटने के स्थान पर और अधिक स्पष्ट दिखने लगा। यह देखकर राजा को बड़ा दुख हुआ। उन्होंने मंत्रियों को बुलाकर कहा, श्मेरे शरीर में पाप का ऐसा चिह्न प्रकट हो गया है, जिसकी लोक में निंदा होती है। यह मेरे लिए असह्य हो चुका है। इसलिए मैं अपने राज्य का परित्याग करना चाहता हूं।श यह सुनकर मंत्रियों ने कहा, श्महाराज! यदि आप ही राज्य का परित्याग कर देंगे, तो प्रजा का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। इसलिए आपको ऐसा विचार नहीं करना चाहिए। प्रभो! इस रोग को दूर करने का एक उपाय है। राजा के पूछने पर मंत्रियों ने कहा, राजन! आप भगवान सूर्य की आराधना कीजिए। वही इस भयंकर रोग से आपको मुक्त कर सकते हैं। आप अपने राज्य में ही रहकर श्रद्धा और नियमपूर्वक सूर्यदेव की उपासना करें। इससे आप पाप से मुक्त हो जाएंगे। उसी दिन से राजा ने सूर्यदेव की भक्ति आरंभ कर दी। वह प्रतिदिन विधिपूर्वक सूर्य की पूजा करते थे। मंत्रपाठ, नैवेद्य, फल, अर्घ्य, अक्षत, जपापुष्प, मदार के पत्ते, लाल चंदन, कुमकुम, सिंदूर, केले के पत्ते और फलों से वह सूर्यदेव को प्रसन्न करते रहे। गूलर के पात्र में अर्घ्य भरकर वह प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक सूर्य को अर्पित करते थे। अर्घ्य देते समय राजा, स्वयं मंत्रियों और पुरोहितों के साथ सूर्य के सम्मुख खड़े रहते थे। उनके साथ आचार्य, रानियां, अन्तःपुर के रक्षक, उनकी पत्नियां, दास–दासियां और नगर के अन्य लोग भी उपस्थित रहते थे। सभी लोग एक साथ अर्घ्य अर्पण करते और सूर्यदेव का स्मरण करते। सूर्यदेव से संबद्ध जितने भी व्रत और नियम थे, राजा ने उन्हें पूरी एकाग्रता और श्रद्धा से संपन्न किया। इस प्रकार निरंतर एक वर्ष तक उपासना करने पर राजा का कुष्ठ रोग पूर्ण रूप से नष्ट हो गया। उनका हाथ पहले की भांति सुंदर हो गया। रोग से मुक्त होने के बाद राजा ने निश्चय किया कि संपूर्ण राज्य में प्रभातकाल सूर्यदेव की पूजा और व्रत का प्रचार किया जाए। उन्होंने अपने राज्य के सभी लोगों को सूर्योपासना के लिए प्रेरित किया। लोग कभी हविष्यान्न खाकर और कभी निराहार रहकर सूर्यदेव की पूजा करने लगे। इस प्रकार जब संपूर्ण प्रजा द्वारा भगवान सूर्य की पूजा होने लगी, तो सूर्यदेव अत्यंत प्रसन्न हुए। वह राजा भद्रेश्वर के समक्ष प्रकट होकर बोले, राजन! तुम्हारे मन में जो इच्छा हो, उसे वरदान के रूप में मांग लो। मैं तुम्हारे तथा तुम्हारी प्रजा के कल्याण के लिए उपस्थित हुआ हूं।

राजा ने विनम्रता से कहा, श्प्रभु! आप सबको नेत्र प्रदान करने वाले हैं। यदि आप मुझ पर प्रसन्न हैं, तो ऐसी कृपा कीजिए कि हम सब लोग आपके समीप रहकर सदा सुखी रहें। सूर्यदेव बोले, श्राजन! तुम्हारे मंत्री, पुरोहित, रानियां, परिवार के अन्य लोग तथा नगरवासी सभी शुद्ध होकर कल्पपर्यंत मेरे रमणीय धाम में निवास करेंगे।श फिर भगवान सूर्य अंतर्धान हो गए। इसके बाद राजा भद्रेश्वर अपने समस्त पुरवासियों सहित दिव्यलोक में पहुंच गए। वहां के कीट–पतंग, पशु–पक्षी और अन्य जीव भी अपने–अपने परिवार सहित स्वर्ग को प्राप्त हुए। पद्म पुराण के अनुसार, जो मनुष्य पवित्र मन से इस कथा का पाठ करता है, उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और इस पृथ्वी पर रुद्र के समान उसकी पूजा होती है। जो श्रद्धा और संयम से इसका श्रवण करता है, उसे मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। यह अत्यंत गोपनीय रहस्य है, जो भगवान सूर्य ने यमराज को उपदेश रूप में कहा था, किंतु पृथ्वी पर इसका प्रचार महर्षि वेदव्यास द्वारा हुआ है।



## .......... विविध/स्वास्थ्य ..........

# लड़की से प्यार का इजहार कैसे करें? इन टिप्स से तुरंत हां बोल देगी



लड़की को प्रपोज करना हर किसी के लिए रोमांचक लेकिन डरावना भी हो सकता है। सही तरीके से प्रपोज करना न सिर्फ आपके दिल की बात पहुंचाता है बल्कि सम्बन्ध की नींव भी मजबूत करता है। एक लड़की को प्रपोज करना सिर्फ इमोशनल एक्सप्रेशन नहीं, बल्कि समझदारी और सम्मान का भी खेल है। सही समय, सही जगह और सच्ची भावनाओं के साथ किया गया प्रपोजल हमेशा यादगार बनता है। चूंकि प्यार दिखावे से नहीं, एहसास से जीता जाता है। वैलेंटाइन सप्ताह का दूसरा दिन प्यार के इजहार का मौका देता है। प्रपोज डे पर अगर आप भी किसी लड़की से अपने दिल की बात कहने जा रहे हैं तो पहले ये जान लीजिए कि प्रपोज करने का सही तरीका क्या है। इस लेख में जानिए सही समय, सही जगह और सही अप्रोच के टिप्स, ताकि आपका प्रपोजल यादगार और सफल हो सके।

अपनी भावनाओं को पहले समझें

पहले खुद से पूछें कि क्या यह सिर्फ आकर्षण है या सच्चा प्यार?

खुद को लड़की के जवाब के लिए तैयार करें। "हां" या "ना" किसी भी स्थिति में समझदारी से उनके फैसले को स्वीकार करें।

आत्मविश्वास के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त करना सबसे महत्वपूर्ण है।

सही समय चुनें

लड़की के मूड और समय का ध्यान रखें।

दफ्तर, कॉलेज या सार्वजनिक जगहों से बचें।

निजी और आरामदायक माहौल सबसे अच्छा होता है।

सही जगह चुनें

बेस्ट विकल्प हैं,

पार्क या झील किनारा

कैफे या रूफटॉप

घर की प्राइवेट बालकनी या छत

टिप– जगह शांत और रोमांटिक हो, ताकि आपका प्रपोजल यादगार बन जाए।

अपने शब्दों को सरल और दिल से कहें

लंबा भाषण या कॉपी–पेस्ट लाइन्स से बचें।

सीधे, सच्चे और दिल से बोलें।

उदाहरण के लिए, "मैं तुम्हें बहुत पसंद करता हूं, क्या तुम मेरे साथ रिलेशनशिप में होना चाहोगी?"

टिप– झूठे या दिखावटी कमेंट से बचें

छोटी सरप्राइज या गिफ्ट जोड़ें

फूल, हैंडमेड कार्ड या छोटी सी चीज, इम्प्रेशन बढ़ाती है।

महंगी चीज जरूरी नहीं, सच्चा इरादा दिखाना सबसे बड़ा गिफ्ट है।

रिजेक्शन के लिए तैयार रहें

अगर लड़की "ना" कहती है, तो शांत रहें।

दोस्ती या प्रोफेशनल रिश्ता बनाए रखें।

बार–बार प्रेशर डालने से बचें।

याद रखें कि रिजेक्शन जीवन का हिस्सा है, इससे आपका वैल्यू कम नहीं होता

अपने आत्मविश्वास और बॉडी लैंग्वेज का ध्यान रखें

आंखों में आंखें डालकर बात करें।

हंसते हुए और आराम से अपने फीलिंग्स शेयर करें।

घबराहट न दिखाएं, बल्कि सच्चाई और सादगी बनाए रखें।

# बच्चों के डाइट में शामिल करें ये चीजें, कम कर सकती हैं कोर्टिसोल का स्तर

आज की आधुनिकता से भरी जिंदगी का नकारात्मक असर अब बच्चों में भी दिखने लगा है। हमारे समाज में ऐसे कई लोग हैं जो बच्चों के डिजिटल स्क्रीन के लिए टाइम लिमिट नहीं रखते हैं। कई अध्ययन में ये सामने आया है कि ऐसी स्थिति में बच्चों को मानसिक तनाव होता है। इसलिए आइए इस लेख में कोर्टिसोल लेवल को कम करने वाले फूड प्रोडक्ट के बारे में जानते हैं। गाजियाबाद में कोरियन कल्चर से प्रभावित तीन बहनों ने जो गलत कदम उठाया है उसके बाद से देशभर के कई अभिभावक बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं। इस घटना के बाद कहीं न कहीं बच्चों के मेंटल हेल्थ को लेकर चर्चाएं बढ़ गई हैं। दरअसल, जब बच्चा लंबे समय तक स्क्रिन देखता है तो तनाव या दबाव महसूस करता है, तो उसके शरीर में श्कोर्टिसोलश नामक हार्मोन का लेवल बढ़ जाता है, जिसे श्स्ट्रेस हार्मोनश भी कहा जाता है। कोर्टिसोल का बढ़ा हुआ लेवल बच्चों में चिड़चिड़ापन, नींद की कमी, एकाग्रता में कमी और यहां तक कि कमजोर इम्युनिटी का कारण बन सकता है। माता–पिता अक्सर बच्चों के व्यवहार को केवल अनुशासन से जोड़कर देखते हैं, जबकि असली समाधान उनकी थाली में छिपा हो सकता है। पोषण विज्ञान के अनुसार, कुछ खास खाद्य पदार्थ मस्तिष्क की नसों को शांत करने और कोर्टिसोल को प्राकृतिक रूप से कम करने की क्षमता रखते हैं। बच्चों की डाइट में सही बदलाव करके हम न केवल उन्हें तनावमुक्त रख सकते हैं, बल्कि उनके बेहतर संज्ञानात्मक विकास को भी सुनिश्चित कर सकते हैं।

कोर्टिसोल हार्मोन क्या है और यह शरीर में क्या कार्य करता है?

कोर्टिसोल एक स्टेरॉयड हार्मोन है जो एड्रिनल ग्लैंड्स द्वारा रिलीज होता है। यह शरीर के श्फाइट या फ्लाइटश रिस्पॉन्स को नियंत्रित करता है, लेकिन इसका लगातार हाई रहना बच्चों के सेहत के लिए नुकसानदायक होता है।

यह मेटाबॉलिज्म और ब्लड शुगर को रेगुलेट करता है।

तनाव के समय ऊर्जा को मैनेज करने में मदद करता है।

शरीर में सूजन को नियंत्रित करता है।

नींद और जागने के चक्र को प्रभावित करता है।

विटामिन–बी वाले खाद्य पदार्थ जरूरी

विटामिन–बी, विशेष रूप से बी12 और फोलेट, मस्तिष्क के न्यूरोट्रांसमीटर को संतुलित रखने के लिए अनिवार्य हैं। इनकी कमी से बच्चों में घबराहट और मूड स्विंग्स बढ़ सकते हैं।

अंडे और चिकन– ये विटामिन–बी12 के बेहतरीन स्रोत हैं।

साबुत अनाज– दलिया और ब्राउन राइस एनर्जी के लेवल को स्थिर रखते हैं।

दालें और बीन्स– ये फोलेट प्रदान करते हैं जो दिमाग को शांत रखता है।

केला– यह विटामिन–बी6 का अच्छा स्रोत है जो डोपामाइन बढ़ाता है।

ओमेगा–3 फैटी एसिड और मैग्नीशियम जरूरी

ओमेगा–3 फैटी एसिड और मैग्नीशियम सीधे तौर पर कोर्टिसोल के उत्पादन को कम करने में मदद करते हैं। ये तत्व नसों की सूजन को घटाकर मानसिक स्पष्टता बढ़ाते हैं। इसके लिए नीचे बताई गई चीजों का सेवन बढ़ा सकते हैं।

अखरोट और अलसी के बीज– ये ओमेगा–3 से भरपूर होते हैं।

चिया सीड्स– बच्चों के चिया सीड्स एक अच्छा विकल्प है, इसमें भी पर्याप्त मात्रा में ओमेगा–3 फैटी एसिड होता है।

पालक और हरी सब्जियां– मैग्नीशियम का खजाना हैं जो मांसपेशियों को आराम देती हैं।

कद्दू के बीज– इनमें जिंक और मैग्नीशियम दोनों प्रचुर मात्रा में होते हैं।

दही– प्रोबायोटिक्स आंतों के जरिए दिमाग के तनाव को कम करते हैं।

क्या डाइट में बदलाव से बच्चों का मूड सुधर सकता है?

जी हां, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य का गहरा संबंध है। जंक फूड और अत्यधिक चीनी बच्चों में कोर्टिसोल को बढ़ाती है, जबकि प्राकृतिक और पोषक तत्वों से भरपूर डाइट उसे कम करती है। बच्चों को हाइड्रेटेड रखें और उन्हें घर का बना ताजा भोजन दें। सही खान–पान के साथ शारीरिक खेलकूद और माता–पिता का भावनात्मक साथ मिलकर बच्चों को एक तनावमुक्त और खुशहाल भविष्य प्रदान कर सकता है।



# घर पर चाकलेट कैसे बनाएं? सिर्फ 4 चीजों से होगी तैयार

वैलेंटाइन वीक में आने वाले सभी दिन रिश्तों में मिठास घोलने का बेहतरीन मौका होता है। इस हफ्ते का तीसरा दिन चॉकलेट डे होता है। आमतौर पर लोग इस दिन बाजार से महंगी चॉकलेट्स खरीदते हैं, और अपने पार्टनर को तोहफे में देते हैं, लेकिन अगर आप कुछ अलग और दिल से बना तोहफा देना चाहते हैं, तो घर पर बनी चॉकलेट से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। खास बात ये है कि आप बेहद कम समय और सिर्फ 4 आसान चीजों की मदद से स्वादिष्ट चॉकलेट घर पर तैयार कर सकते हैं। ये रेसिपी न सिर्फ आसान है बल्कि हेल्दी भी है, क्योंकि इसमें आप अपनी पसंद के इंग्रेडिएंट्स इस्तेमाल कर सकते हैं। घर पर बनी चॉकलेट बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आएगी और यह आपके खास रिश्तों को और भी स्पेशल बना देगी। यहां हम आपको बेहद सिंपल होममेड चॉकलेट रेसिपी बता रहे हैं।



विधि

चॉकलेट बनाने के लिए सबसे पहले एक नॉन–स्टिक पैन को धीमी आंच पर रखें और उसमें मक्खन डालकर हल्का पिघला लें। ध्यान रखें कि मक्खन जले नहीं। कुछ मिनटों में यह मिश्रण गाढ़ा होकर पैन के किनारे छोड़ने लगेगा। जब चॉकलेट का मिश्रण पूरी तरह स्मूद और चमकदार हो जाए, तो गैस बंद कर दें। अब इस मिश्रण को पहले से ग्रीस की हुई प्लेट या ट्रे में समान रूप से फैलाएं और ठंडा होने के लिए रख दें। जब चॉकलेट अच्छी तरह जम जाए।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक को मारी गोली हालत गंभीर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर यूपी के जौनपुर में सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जौनपुर शाहगंज मार्ग पर खानपुर के पास रविवार देर शाम एक युवक को स्थानीय दबंगों ने युवक ने गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में पहुंचाया। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुड़ गई । दीपक सोनकर (25) बाईक से अपनी एक साथी पंकज सोनकर के साथ शादी में प्रयोग होने वाला लावा लेने के लिए गया था। खानपुर मारुति एजेंसी के बगल वह लावा लेकर जैसे ही बाइक पर अपने साथी के साथ बैठा इस दौरान पैदल ही एक हमलावर पहुंचा और पैर में एक गोली मार दी । जिससे दीपक लड़खड़ा कर गिर गया और वहां बचाव के लिए चिल्लाने लगा। एक गोली मारने के बाद आरोपी फरार हो गया। घायल दीपक के दाहिने पैर के पंजे में गोली लगी है । बाइक से गिरने के बाद पंकज सोनकर (22)भी घायल हो गया। सूचना पर लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गये जहां उपचार होने पर डॉक्टर ने घायल की हालत खतरे से बाहर है । गोली चलने की सूचना पर सीओ सदर देवेश कुमार सिंह थानाध्यक्ष अमरेंद्र पांडेय मय फोर्स साथ पर पहुंच गए और मामले की छानबीन में जुट गए।पीड़ित ने बताया कि उसके घर में शादी थी वह बाजार लावा लेने जा रहा था की इस बीच उसकी गाड़ी बंद हो गई तभी वहां पहुंचे लोग उसे मरने पीटने लगे गोली से फायरिंग किया है जो कि उसके पैर में लगी है। परिजनों का कहना है कि उनके घर शादी पड़ी हुई थी औरतें गाना बजाना के साथ लावा लेने जा रही थी की वापसी के दौरान बिना किसी बात के उन लोगों ने हमारे भाइयों को मारा पीटा है यह लोग आ रहे थे इस बीच गाड़ी का तेल खत्म हो गया यह लोग गाड़ी खींच कर ला रहे थे कि वहां पहले से बैठे लोगों ने हमारा भाइयों पर हमला कर दिया हवाई फायरिंग किया है एक गोली मेरे भतीजे के पैर में लगी है और एक भतीजे को मारपीट कर घायल कर दिया पुलिस मौके पर पहुंची थी कार्रवाई कर रही है। हम लोग उनसे कोई पुरानी रंजिश भी नहीं थी।इस मामले में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी सदर देवेश कुमार सिंह ने बताया कि आज शाम को मारपीट की सूचना मिली थी।सूचना पर पुलिस पहुंची थी।दोनों पक्षों में पहले से जमीनी विवाद चल रहा था गोली चलने की सूचना मिली है एक युवक को पैर में गोली लगी है जबकि एक को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल किया गया है।दोनों का जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत सामान्य है। तहरीर मिलते ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# जमीनी विवाद में हिंसक झड़प, पांच घायल, हॉस्पिटल में भर्ती

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव



जौनपुर यूपी के जौनपुर में लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में रविवार को जमीनी विवाद को लेकर लाठी–डंडों और हॉकी से जमकर मारपीट हो गई। इस हिंसक झड़प में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शाहगंज–जौनपुर मार्ग पर करीब दो घंटे तक जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव और एसपी ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ,क्षेत्राधिकारी सदर देवेश कुमार सिंह,पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को समझा–बुझाकर कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया और स्थिति को सामान्य कराया। दबंगों के हमले में सावन कुमार मौर्य (25), किरण देवी (45), नीरज मौर्य, धीरज मौर्य सहित परिवार के अन्य सदस्य घायल हुए हैं। एक की हालत गंभीर देखते हुए वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है।। इस मामले में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि मारपीट की घटना में पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। बताया कि आज सुबह लाइन बाजार का धनीपुर और मीरपुर ग्राम का बॉर्डर एरिया के बीच में एक प्लॉट है रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच में लड़ाई हुई थी इन दोनों पक्षों के बीच पहले भी लड़ाई हो चुकी थी जिसमें विधि कार्रवाई की गई थी मुकदमा दर्ज किया गया था इस बात को लेकर आज दोनों पक्षों में लड़ाई हुई है। ईट पत्थर भी चले हैं इसमें लगभग छह लोग घायल हुए हैं सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल होने पर ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है घटना को लेकर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। परिजनों द्वारा तहरीर प्राप्त है बेसिक कार्रवाई की जा रही है यह भी इंश्योर करूंगा कि उनके खिलाफ जो भी कार्रवाई होगी वह तुरंत और कठोरता से होगी जिसने भी मारपीट किया है उसके खिलाफ कड़े कदम उठाए जाएंगे। इस मामले में दो व्यक्तियों का नाम सामने आ रहा है कलेंदर बिंद और मुलेन्द्रर बिंद है कलेंदर खिलाफ पहले 10 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं जबकि मुनिदर के खिलाफ 6 दोनों का अपराधिक इतिहास है। इन लोगों को जिलाधिकारी द्वारा भी नोटिस दी जा चुकी है दोबारा की इस कार्रवाई पर हमारे द्वारा कठोरता कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित का आरोप है कि यह लोग दबंग किस्म के आदमी है और अक्सर मारपीट करते रहते हैं हमारे परिवार से उनकी कोई दुश्मनी भी नहीं है पहले भी यह हमारे परिवार से मारपीट कर चुके हैं इन लोगों द्वारा थाने पर पैसा दे दिया जाता है जिसके कारण हम लोगों को थाने से भगा दिया गया।घटना स्थल से महज कुछ दूरी पर पुलिस स्टेशन है बावजूद इसके पुलिस काफी देर बाद पहुंची है।पीड़ितों का आरोप है कि बगल के गांव के कुछ दबंग आए दिन मारपीट करते हैं और पहले भी दो–तीन बार हमला कर चुके हैं। एक पीड़ित ने आरोप लगाया कि लाइन बाजार थाना पुलिस द्वारा समय पर कार्रवाई न किए जाने से दबंगों के हौसले बढ़े हैं।

# किसान संगठन ने अपनी विभिन्न मागों को लेकर डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर, यूपी के जौनपुर में केराकत तहसील में पूर्वांचल किसान संगठन ने रविवार को डोभी रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) के नाम किसान यूनियन के नेता अजीत सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में वर्षों से लंबित विकास कार्यों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की कथित निष्क्रियता पर नाराजगी जताई। संगठन ने कहा कि बुनियादी समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाने के बावजूद न तो प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधि गंभीरता दिखा रहे हैं। किसान नेता अजीत सिंह के नेतृत्व में संगठन ने केराकत टाई नाला पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। किसानों का आरोप है कि यहां आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन क्षेत्रीय सांसद और विधायक ने आज तक इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस पहल नहीं की। संगठन ने दावा किया कि जनहित से जुड़े कई छोटे–बड़े कार्य जनप्रतिनिधियों के बजाय किसानों और आम जनता के दबाव व संघर्ष से पूरे कराए गए।

इसके अलावा संगठन ने राष्ट्रीय राजमार्ग 233 का मामला भी उठाया, जो पिछले 14 वर्षों से अधूरा पड़ा है। किसानों ने कहा कि यह मार्ग अब दुर्घटनाओं का केंद्र बन चुका है, जिससे आम जनमानस को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके, जनप्रतिनिधियों की ओर से न तो निर्माण कार्य में तेजी लाई गई और न ही कोई प्रभावी हस्तक्षेप किया गया। पूरनपुर रेलवे अंडरपास की मांग को लेकर भी संगठन ने रोष जताया। संगठन का कहना है कि यह मांग पिछले 15 वर्षों से लंबित है और अब तक यहां कई जानलेवा दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। किसान संगठन ने डीआरएम से मांग की कि जनहित से जुड़े लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराया जाए, ।

# सी-टेट परीक्षा में फर्जीवाड़ा, बायोमेट्रिक मिसमैच पर महिला गिरफ्तार

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर, यूपी के जौनपुर जफराबाद थाना अंतर्गत प्रकाश ग्लोबल स्कूल, जगदीशपुर में रविवार को आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा की प्रथम पाली में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया। परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक सत्यापन में मिसमैच पाए जाने पर दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रही एक महिला को पकड़ा गया। कॉलेज प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इस मामले में थानाध्यक्ष जफराबाद ने बताया कि वन्दना कुमारी पुत्री, राजमणि, निवासी ग्राम काशीपुर, पोस्ट मोलनापुर (अमरगढ़), जिला प्रतापगढ़ (उ.प्र.) कु. नीलम यादव पुत्री संतलाल, निवासी ग्राम घनश्यामपुर, जिला जौनपुर के स्थान पर परीक्षा दे रही थी। बायोमेट्रिक मिलान के दौरान पहचान में अंतर सामने आने पर परीक्षा केंद्र प्रशासन ने तत्काल उसे रोका और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक पूछताछ के बाद दोनों महिलाओं के विरुद्ध थाना जफराबाद में मुकदमा पंजीकृत किया गया। आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की गई है। इस मामले में जानकारी लेने पर क्षेत्राधिकारी सदर देवेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में गिरफ्तार अभियुक्ता वन्दना कुमारी को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, प्रकरण से जुड़ी अन्य आवश्यक जांच की जा रही है, जिससे यह स्पष्ट हो सके ।

## संक्षिप्त खबरें

### वाराणसी के पूर्णा फर्म का संचालक गिरफ्तार

भदोही, संवाददाता। कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी मामले में जिले की पुलिस ने शनिवार को पहली गिरफ्तारी की। औराई के माधोसिंह स्टेशन के पास से पूर्णा फर्म के संचालक शैलेंद्र तिवारी निवासी भिखारीदास लेन भारतेंदु भवन वाराणसी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने 12 करोड़ से अधिक के लेनदेन और फर्जी ई–वे बिल बनाने की बात स्वीकार की। एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। औषधि निरीक्षक कुमार सौमित्र ने नवंबर 2025 में चौरी और औराई थाने में पांच फर्मों के खिलाफ तहरीर दी थी। इसमें बताया था कि भदोही की इन फर्मों ने कोडीन कफ सिरप की तस्करी की। अपराधिक षड़यंत्र के तहत कूटरचित व फर्जी विक्रय बीजकों के माध्यम से क्रय–विक्रय किया गया। पुलिस ने मामले में ओमप्रकाश कसेरा निवासी पियरीकला, चेतगंज वाराणसी, अंशिका गुप्ता निवासी स्टेशन रोड परसीपुर थाना चौरी, दिलीप कुमार उमर निवासी आजाद नगर नईबाजार, अमन कुमार निवासी जगतगंज वाराणसी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस की विवेचना में वाराणसी निवासी शैलेंद्र तिवारी का नाम सामने आया।

### एसआईआर में कठिनाई हो तो तत्काल अवगत कराएं – डीएम

भदोही, संवाददाता। कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से एसआईआर पर चर्चा की गई। डीएम ने सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की भ्रांतियों को दूर किया। कहा कि कोई कठिनाई हो तो तत्काल अवगत कराएं। कहा कि आयोग ने अब छह मार्च तक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को बढ़ा दिया है। जिसमें दावा आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। मृत्यु के मामलों को छोड़कर अन्य सभी विलोपन मामलों में संबंधित मतदाता को विधिवत नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर दिया जाएगा। मृत्यु के मामलों में मृत्यु प्रमाण–पत्र और परिजनों/पड़ोसियों के बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। विलोपन का सत्यापन तहसीलदारध्नायब तहसीलदार स्तर से नीचे के अधिकारी द्वारा नहीं किया जाएगा।

### बच्चों को वीडियो दिखवाने पर जताई नाराजगी

भदोही, संवाददाता। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने शनिवार को जिला अस्पताल में स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। सीडीओ ने बच्चों को च्यवनप्राश, चना और गुड़ वितरित किया। उन्होंने बच्चों की दिनचर्या, पोषण, स्वच्छता एवं देखभाल को लेकर अभिभावकों से बात की। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि केयरटेकर प्रीति ने बच्चों को बहलाने के लिए मोबाइल पर वीडियो दिखाए जा रहे थे। जिसको लेकर नाराजगी जताई। हिदायत दी कि भविष्य में बच्चों को मोबाइल न दिखाएं। रसोई प्रभारी को निर्देश दिया कि बच्चों को निर्धारित पोषण आहार मेनू के अनुसार ही दिया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक की मौत के बाद टूटी यूपीडा की नींद, लगा रहे संकेतक

उन्नाव, संवाददाता। हरदोई–उन्नाव मार्ग किनारे बने एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा के पास डिवाइडर से टकराने के बाद बाइक सवार की मौत हो गई। इस पर यूपीडा की नींद टूटी है। शनिवार को डिवाइडर पर संकेतक लगाने का काम शुरू कर दिया है। बेहटामुजावर थाना क्षेत्र के जोगीकोट गांव के जितेंद्र द्विवेदी दो दिन पहले गंजमुरादाबाद कस्बा निवासी बहनोई अजय तिवारी के घर मांगलिक कार्यक्रम में परिवार समेत आए थे। बृहस्पतिवार को कानपुर निवासी साथी चिराग के साथ बाइक से घूमने निकले थे। रात आठ बजे घर लौटते समय वाहन की टक्कर से बाइक डिवाइडर से टकरा गई थी जिससे जितेंद्र की मौत हो गई थी। घटना का मुख्य कारण एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा के पास बने मध्य डिवाइडर पर संकेतक न लगा होना पाया गया था। इसके बाद यूपीडा हरकत में आई और घटनास्थल के डिवाइडर पर प्लास्टिक का संकेतक लगाया है। इससे दुर्घटनाएं होने की आशंका कम हो जाएगी। डिवाइडर के दूसरी छोर पर अभी भी संकेतक नहीं लगाया गया है, इससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी है। सुरक्षा अधिकारी एके चंदेल ने बताया कि टोल प्लाजा के पास दोनों ओर संकेतक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

### निषाद समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग

उन्नाव, संवाददाता। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर तहसीलदार साक्षी राय को ज्ञापन दिया। समाज को पिछड़े वर्ग की सूची से हटाकर अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग उठाई। कार्यकर्ताओं का कहना था कि निषाद समाज लंबे समय से सामाजिक और आर्थिक शोषण का शिकार रहा है। उसे उसका संवैधानिक अधिकार नहीं मिल पा रहा है। पूर्व में संशोधन के तहत निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, कहार, ढीमर, बिंद, बाथम, तुरैहा, गोड़िया, मछुआ आदि जातियों को पिछड़े वर्ग की सूची से हटाकर नई संशोधित सूची जारी करने का आदेश दिया गया था लेकिन जनपद और तहसील स्तर पर इसका पालन नहीं किया जा रहा है।

### हाईवे पर ट्रेलर में टकराई कार, पीछे से डीसीएम भिड़ी

उन्नाव, संवाददाता। लखनऊ–कानपुर हाईवे पर भल्ला फार्म के पास पेट्रोल पंप से अचानक निकले ट्रेलर से कार टकरा गई। पीछे से आ रही डीसीएम भी कार में भिड़ गई। इससे कार दो वाहनों के बीच में फंस गई। इससे चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि कार सवार चालक, दंपती और दो बच्चे बाल–बाल बच गए। कानपुर के बिठूर निवासी अरविंद (40) पत्नी सुनीता, दो बच्चों और चालक के साथ शनिवार को लखनऊ से जा रहे थे। लखनऊ–कानपुर हाईवे पर सोहरामऊ क्षेत्र के भल्लाफार्म स्थित पेट्रोल पंप से अचानक ट्रेलर सड़क पर आ गया। चालक जब तक कुछ समझ पाता कार ट्रेलर में टकरा गई। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम के चालक ने ब्रेक लगाने का प्रयास किया लेकिन वह भी कार में भिड़ गई।

# पोस्टमार्टम के बाद लाश घर पहुंचते ही परिजन नाराज

वाराणसी, संवाददाता। घोसी कोतवाली क्षेत्र के खंतिया गांव में पोस्टमार्टम के बाद रामभवन यादव (42) का शव घर पहुंचते ही परिजन आक्रोशित हो गए। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग नहीं होने तक अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिए। रविवार की दोपहर सीओ जितेंद्र सिंह और नायब तहसीलदार अभिषेक वर्मा के समझाने पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए मान गए और दोहरीघाट में सरयू नदी के किनारे मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार कर दिया। सुरक्षा को देखते हुए शनिवार की सुबह से रविवार की दोपहर तक दो थानों की पुलिस गांव में तैनात रही। हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए घोसी कोतवाली, कोपागंज थाना, एसओजी और सर्विलांस की चार टीम गठित की गई है। टीम ने शनिवार की सुबह से रविवार की शाम तक संभावित जगहों पर छापा मारा, लेकिन सफलता नहीं मिली।

परिजनों में मचा कोहराम

शुक्रवार की रात आठ बजे रामभवन यादव का चचेरा भाई विजेंद्र यादव नशे की हालत में उनके दरवाजे पर पहुंचा और गाली देने लगा। मना करने पर विजेंद्र के 15 वर्षीय बेटे ने पिता के साथ मिलकर लाठी डंडे से रामभवन को पीटने लगा। जमीन पर गिरने के बाद चाकू से सीने में ताबड़ तोड़ वार कर हत्या कर दी।

रामभवन की पत्नी संगीता की तहरीर पर पुलिस ने विजेंद्र यादव, उसके बेटे, सुनीता और रामावती के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। घटना के बाद से घर में ताला बंद कर सभी सदस्य भाग गए। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार की शाम छह बजे शव घर पहुंचा तो परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए और शव को फ्रीजर में रख दिए।

आरोपी की तलाश

रविवार की सुबह घोसी कोतवाली के अपराध निरीक्षक मोतीलाल पटेल व कोपागंज थाना के प्रभारी निवारीक्षक रविंद्रनाथ राय फोर्स के साथ खंतिया गांव पहुंचकर परिजनों से बात की, लेकिन वो मांग पर अड़े रहे।

सुबह करीब नायब तहसीलदार अभिषेक वर्मा और सीओ जितेंद्र सिंह ने पहुंचकर बात की, जिसपर परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। सीओ ने बताया कि गठित टीम ने आजमगढ़ जिले में तीन, मऊ जनपद मुख्यालय स्थित तीन रिश्तेदारों के घर और कोपागंज में संभावित स्थानों पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी है। जल्द ही सभी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# असमिया वैभव में सजेंगे शिव–गौरा, भक्त होंगे बराती, रस्मों को लेकर भक्तिमय हुआ माहौल



वाराणसी, संवाददाता। महाशिवरात्रि में एक सप्ताह बचा है। शिव–विवाह की सदियों पुरानी परंपराओं को लेकर तैयारियां चरम पर हैं। टेढ़ीनीम स्थित विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत आवास पर बाबा विश्वनाथ की हल्दी, शिव–विवाह, शिव बारात और गौना की रस्मों को लेकर माहौल भक्तिमय हो उठा है। महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ और माता गौरा का शृंगार आकर्षण का केंद्र होगा। पहली बार शिवदृगौरा की चल प्रतिमा असमिया पारंपरिक परिधान और आभूषणों में सजेगी। पूर्व महंत के पुत्र वाचस्पति तिवारी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ और माता गौरा के परिधान असम के शिवसागर से मंगाए गए हैं। यह शृंगार न केवल परिधान की दृष्टि से बल्कि सांस्कृतिक संदेश के रूप में भी महत्वपूर्ण है। इससे काशी और असम की प्राचीन आध्यात्मिक परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिलेगा। बाबा विश्वनाथ की चल प्रतिमा को असमिया पुरुष परिधान 'चेलेंग और गसोमा' से सजाया जाएगा। यह परिधान वहां की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। इस परिधान में बाबा राजसी और दिव्य दिखाई देंगे। वहीं, माता गौरा को लाल और सुनहरे रंग की रेशमी 'मेखेला साड़ी' पहनाई जाएगी, जो असम की पारंपरिक स्त्री पोशाक है। असमिया जूनबीरी (अर्धचंद्राकार हार), गुमखारू (पारंपरिक कंगन) और थुरिया (मांगटिका) से भी शृंगार होगा। इन आभूषणों के साथ माता गौरा का स्वरूप एक नववधू के रूप में अलौकिक दिखाई देगा।

आकांक्षा दे रही हैं आकर्षक स्वरूप

महंत आवास पर ही काशी की सांस्कृतिक कलाकार आकांक्षा गुप्ता के नेतृत्व में कलाकार लोक कल्याण और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ माता गौरा का आकर्षक स्वरूप दे रहे हैं।

# युवती ने घर वालों को भेजा वीडियो.. करने जा रही आत्महत्या

गोरखपुर, संवाददाता। घर से किसी बात पर नाराज होकर रेलवे स्टेशन पर खुदकुशी के लिए पहुंची युवती को जीआरपी के जवानों ने बचा लिया। इससे पहले युवती ने परिजनों को रेलवे स्टेशन पर खड़े होकर वीडियो बनाकर भेजा। परिजनों ने सूचना जीआरपी कंट्रोल रूम लखनऊ को दी। कंट्रोल रूम ने गोरखपुर जीआरपी को जानकारी दी तो जवान तत्काल पहुंच गए और युवती को खुदकुशी करने से बचा लिया। जीआरपी कंट्रोल रूम से मिली सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी आशुतोष मिश्रा, मुख्य आरक्षी सिकंदर प्रसाद, मुख्य आरक्षी आशुतोष सिंह के साथ तत्काल वीडियो में दिख रहे स्थान पर पहुंचे। हालांकि युवती वहां नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने तत्काल युवती के परिजनों से युवती का मोबाइल नंबर लेकर ट्रैक किया तो थोड़ी दूर पर लोकेशन मिला। युवती प्लेटफॉर्म की आखिरी छोर पर ट्रैक के बीच में खड़ी होकर ट्रेन आने की प्रतीक्षा कर रही थी। टीम तत्काल वहां पहुंची और युवती को खुदकुशी से बचा लिया।

# छह साल की बेटी को गोद में लेकर ट्रेन के आगे कूदी महिला

वाराणसी, संवाददाता। धीना थाना क्षेत्र के बैरी खुर्द गांव में शनिवार देर रात हुई हृदय विदारक घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया। घरेलू कलह और आर्थिक तंगी से परेशान एक 27 वर्षीय विवाहिता ज्योति ने अपनी 6 वर्षीय मासूम पुत्री लाडो के साथ ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। मां–बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। ज्योति का पति सुक्खू जमानिया स्थित एक ईंट–भट्ठे पर मजदूरी करता है। शनिवार को जब वह घर आया, तो पति–पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। परिजनों का कहना है कि पति शराब का आदी था, जिसके चलते अक्सर घर में विवाद होता रहता था।

परिजनों में मचा कोहराम

आर्थिक तंगी और पति की नशे की आदत से परेशान ज्योति पिछले कई महीनों से मानसिक तनाव में थी। विवाद के बाद ज्योति तीन वर्षीय बेटे गोलू को घर पर छोड़कर छह साल की लाडो को गोद में लेकर घर से निकल गई। पति ने उसके पीछे जाने का प्रयास भी किया, लेकिन वह रास्ते में नहीं मिली। इसके बाद ज्योति धीना रेलवे स्टेशन के पास पहुंची और अपनी मासूम बेटी के साथ चलती ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों के लिए भी झकझोर देने वाला था। सूचना मिलते ही धीना थाना प्रभारी दिलीप कुमार श्रीवास्तव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मां और बेटी के शवों को कब्जे में लेकर देर रात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रविवार को पंचनामा की कार्यवाही पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला के मायके पक्ष की ओर से तहरीर की तैयारी की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की विवेचना की जाएगी। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या की घटना सामने आई है। ज्योति की शादी नौ वर्ष पूर्व गाजीपुर जनपद के दिलदारनगर थाना क्षेत्र के मिर्चा गांव में हुई थी। उसके दो बच्चे थे – लाडो (6) और गोलू (3)। लाडो की मौत ने पूरे गांव को भीतर तक हिलाकर रख दिया है। परिजन पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बिलखते नजर आए। पति सुक्खू ने बताया कि मामूली घरेलू विवाद के बाद पत्नी घर से निकली थी और कहा कि वह धीना थाने जा रही है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। बाद में पुलिस की तरफ से मिली सूचना ने सभी को गहरे सदमे में डाल दिया। वह रो–रोकर बार–बार यही कह रहा था कि–हम जनती कि अइसन करिहन त जाए ना देले रहतीं।

# डीजी जेल ने देखीं व्यवस्थाएं

भदोही, संवाददाता। महानिदेशक कारागार प्रशासन पीसी मीणा ने शनिवार को जिला कारागार ज्ञानपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रथम एवं द्वितीय गेट के मध्य मेनवाल एवं बैरकों में लगे कैमरों से कनेक्टेट सीसीटीवी का अवलोकन किया। इसके उपरांत बंदियों की परेड का निरीक्षण कर कारागार में मिलने वाले भोजन, मुलाकात, न्यायालय में पेशी, पीसीओ पर वार्ता, वीसी से पेशी, अपील आदि की गहन जांच की।

महानिदेशक ने बैरकों की तलाशी भी कराई, हालांकि कोई अवैध वस्तु बरामद नहीं हुई। पाकशाला में बनाए गए भोजन को चखकर गुणवत्ता परखी। महिला बंदियों को फल वितरित किया। कारागार में बंदियों की ओर से बनाए गए कालीनों का अवलोकन किया।

# वीडीपी का पेंच, ढाई साल भी 10 आदर्श गांवों में शुरू नहीं हुआ विकास कार्य

भदोही, संवाददाता। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आदर्श गांव योजना को लेकर अफसर संजीदा नहीं है। 2023–24 में स्वीकृत 10 गांवों में ढाई साल बाद भी काम शुरू नहीं हो सका है। विलेज डेवलपमेंट प्रोग्राम (वीडीपी) के पेंच के कारण कार्यदायी संस्था को अभी तक प्रस्ताव नहीं मिल सका है। इससे औराई, डीघ, ज्ञानपुर और भदोही ब्लॉक के 10 गांवों में विकास कार्य लटक गया है। अनुसचित जाति बाहुल गांव में बेहतर विकास के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना शुरू किया है। इसमें हर गांव में 20–20 लाख रुपये से इंटरलॉकिंग, नाली, सोलर लाइट का काम कराया जाना है।

# बिना भय के बोर्ड परीक्षा में शामिल हो परीक्षार्थी - डीआईओएस



(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)

अयोध्या। यूपी बोर्ड सहित अन्य बोर्ड की इंटर व हाई स्कूल की परीक्षा शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष रह गए है।बोर्ड परीक्षा को पारदर्शी तथा नकल विहीन सम्पन्न विहीन करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पूरी रूप से तैयारी कर चुका है।इस बात की जानकारी देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर पवन कुमार तिवारी ने बोर्ड परीक्षा मे शामिल होने वाले परीक्षार्थियों से अपील किया कि इस बार विभिन्न बोर्ड से संबंधित इंटर तथा हाई स्कूल की परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी किसी भी तरह का भय न पालें क्योंकि यह भी परीक्षा एक गृह परीक्षा की तरह ही होती है।उन्होंने परीक्षार्थियों से अपील किया।कि आप सभी विभिन्न विषयों को एक क्रमबद्ध तरीके से पहले समय का निर्धारण करें और उसी के अनुसार अध्ययन करें। आशा ही पूर्ण विश्वास है कि आप सभी परीक्षार्थी इस परीक्षा में भी अच्छे अंक प्राप्त करेंगे।उन्होंने बताया कि इंटर व हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा में भी पेपर वैसे ही आते हैं जैसे गृह परीक्षा में होते हैं।इसीलिए आप सभी भय मुक्त होकर इस बोर्ड परीक्षा में शामिल होकर परीक्षा दें साथ ही साथ अभिभावकों से अपील किया कि वे अपने बच्चों पर किसी भी तरह का जोर जबरदस्ती पढ़ने के लिए ना करें क्योंकि अधिक जोर जबरदस्ती से भी बच्चे पूर्वाग्रह का शिकार हो जाते हैं।बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर पवन तिवारी ने बताया कि कुछ गोपनीय जानकारी होती है जिसे शेयर नहीं किया जा सकता है।इसके अलावा हमारे कार्यालय में बोर्ड परीक्षा समिति का गठन भी हो गया है। साथ ही साथ नल पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न सचल दल का भी गठन किया गया है वहीं बोर्ड परीक्षा के दौरान पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी की तैनाती के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों से भी वार्ता कर ली गई है। बोर्ड परीक्षा के दौरान पर्याप्त संख्या में सशस्त्र सुरक्षाकर्मी मौजूद रहेंगे। प्रत्येक परीक्षा केदो पर एक उपरीक्षक तथा चार सुरक्षाकर्मी मौजूद रहेंगे वहीं संवेदनशील संवेदनशील परीक्षा केदो पर आवश्यकता अनुसार अधिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती होगी।इस परीक्षा को निष्पक्ष पारदर्शी और नकल विहीन बनाने के लिए जिला स्तर पर तथा तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की जाएगी।उन्होंने बताया कि वैसे देखा जाए तो नकल माफिया अब लगभग लगभग खत्म हो चुके हैं हां इतना जरूर है अगर कोई शिक्षक या प्रबंधक या कोई अन्य व्यक्ति नकल करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

# 'जिलाधिकारी ने जन सनुवाई में सुनी 81 शिकायतें'

'रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव'

'हरदोई' कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में सोमवार को कुल 81 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जन सुनवाई में एक राशन कार्ड, एक दिव्यांग पेंशन, तथा एक वृद्वावस्था पेंशन के संबंध में तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूनम भाष्कर व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### एसएसपी ने दो चौकी प्रभारी पर की कार्यवाही

(राजन तिवारी सिटी रिपोर्टर)

अयोध्या। रविवार की शाम एसएसपी डाक्टर गौरव ग्रोवर ने विभागीय कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के चलते सहादतगंज चौकी प्रभारी व चौरे बाजार चौकी प्रभारी पर कार्यवाही किया है।उन्होंने थाना कैंट क्षेत्र मे चौकी प्रभारी सहादतगंज थाना कैंट अविनाश त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।वही कोतवाली बीकापुर क्षेत्र मे राजेश पटेल चौकी प्रभारी चौरे बाजार कोतवाली बीकापुर लाइन हाजिर कर दिया।उन्होंने यह कार्यवाही इन दोनों पुलिस कर्मियों पर लापरवाही बरतने के चलते किया है।

### महापौर के निर्देश पर अवधपुरी कालोनी में हुई क्षतिग्रस्त सीवर की मरम्मत

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। तकरीबन दस दिन पूर्व श्नगर की सरकार आपके द्वारश कार्यक्रम के तहत भ्रमण पर निकले महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के सामने अवधपुरी कॉलोनी में रास्ते पर सीवर का पानी बहाने की समस्या सामने आई थी।इस समस्या का समाधान जल निगम के माध्यम से कर दिया गया है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि नागरिकों ने पार्षद सौरभ सूर्यवंशी की अगुवाई में समस्याओं से अवगत कराया था। इसमें परिक्रमा मार्ग को जोड़ने वाले कच्चा मार्ग पर सीवर लाइन के क्षतिग्रस्त होने की समस्या शामिल थी। निरीक्षण के दौरान काली माता मंदिर के निकट सीवर लाइन का पानी कच्चा मार्ग पर बहता दिखा था, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने तुरंत छतिग्रस्त सीवर लाइन को ठीक कराने का निर्देश जल निगम को दिया था। नगर निगम में कर्मचारियों का दल लगाकर सीवर लाइन की मरम्मत करा दी है। इससे वहां की की समस्या का समाधान हो गया है। स्थानीय लोगों ने रामचंद्र शर्मा की अगवाई में महापौर एवं पार्षद का आभार जताया है।



### नवागत डीआईजी ने रामलला व हनुमानगढी का दर्शन पूजन का किया कार्यभार ग्रहण

(राजन तिवारी सिटी रिपोर्टर)

अयोध्या। अपर पुलिस महानिदेशकध्पुलिस महानिरीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र श्री प्रवीण कुमार का स्थानान्तरण लखनऊ जोन, लखनऊ हो जाने के बाद नवागत डीआईजी अयोध्या परिक्षेत्र श्री सोमेन वर्मा ने पदभार ग्रहण किया गया। पद बार–बार ग्रहण करने से पहले उन्होंने रामलला व हनुगढी का दर्शन पूजन किया।इस अवसर पर उन्होंने अपने कार्यालय में नियुक्त सभी शाखा प्रभारियोंऋको आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।कहा कि अयोध्या परिक्षेत्र में सेवा का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य का विषय है। मेरे द्वारा अयोध्या परिक्षेत्र के जनपदों अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, अम्बेडकरन एवं अमेठी में शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का निस्तारण, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण व दोषियों को सजा दिलाना, सुचारू एवं सुगम यातायात व्यवस्था, माफिया एवं गैंगेस्टर के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही एवं उनकी सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करते हुए कानून एवं शांति–व्यवस्था कायम रखना हमारी प्राथमिकता होगी।



### आरपीएफ इंस्पेक्टर हरीश शाही ने लोगों को किया जागरूक

(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)

अयोध्या।पिछले दिनों वंदे भारत ट्रेन पर हुए पथराव के चलते रेलवे सुरक्षा बल के कर्मी लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चला रहे हैं।रविवार को आरपीएफ इंस्पेक्टर हरीश शाही ने लोगों को जागरूक करने के लिए एक अभियान चलाया।इस मौके पर उन्होंने वहां के लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि रेल संपत्ति आपकी संपत्ति है।रेल से यात्रा करने वाले रेल यात्री उसमें तैनात कर्मचारी भी हमें आप लोगों के बीच के हैं इसलिए आप सभी लोगों से अपील है कि ट्रेनों पर पथराव ना करें क्योंकि इससे जहां एक ओर ट्रेनों की क्षति होगी यानी कि आपकी क्षति होगी।वहीं इसमें सफर कर रहे जिस रेल यात्रियों को पत्थर लगेगा तो हो सकता है वह रेल यात्री आपके बीच का ही सगा संबंधी भी हो सकता है। इसलिए आप सभी लोगों से अपील है की रेल की संपत्ति अपनी संपत्ति समझते हुए इसकी सुरक्षा करें।उन्होंने इस मौके पर लोगों से कहा अगर आप सभी किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को रेलवे ट्रैक के समीप देखते हैं तो इसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल राजकीय रेलवे पुलिस तथा स्थानीय स्थान तथा पुलिस चौकी पर दें जिस समय रहते रेलवे संपत्ति की क्षति को होने से रोका जा सके।इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक आफ हरीश कुमार शाही के अलावा रेलवे स्टेशन अयोध्या कैंट के वरिष्ठ खण्ड अभियंताध टीआरडी के अलावा के सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

# 'जिलाधिकारी ने शिक्षक की भांति बच्चों से गणित के सवाल लगवायें और शिक्षा एवं भोजन की गुणवत्ता आदि के बारे में ली जानकारी'



'रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव'

'हरदोई' जिलाधिकारी अनुनय झा ने सोमवार को अपने गोद लिये ब्लाक टड़ियावां के प्राथमिक विद्यालय कन्थाथोक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने क्लास में जाकर शिक्षक की भांति बच्चों से गणित के सवाल लगवायें और शिक्षा एवं मिड् डे मील की गुणवत्ता आदि के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य से कहा कि विद्यालय में मिट्टी का भराव कराकर जमीन समतल कराएं और स्कूल गेट से स्कूल के अन्दर व आंगनबाड़ी केन्द्र तक इंटर लाकिंग लगवायें तथा बाउन्ड्रीवाल की फिनीसिंग कराने के साथ बालक, बालिका एवं दिव्यांग शौचालय व हैण्डवास के टूटे नालों को ठीक करायें और टायल्स लगवायें तथा विद्यालय का मुख्य गेट भव्य रूप में बनाया जाये, और गेट व बाउन्ड्रीवाल पर विभिन्न रंगों से पेटिंग करायें। इसके उपरान्त डीएम ने विद्यालय परिसर में बैठकर प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं शिक्षा मित्रों से बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में कहा कि कक्षा एक, दो व तीन तथा कक्षा चार व पांच के पढ़ाई में कमजोर बच्चों का ग्रुप बनाकर उन्हें अलग से पढ़ाएं और बच्चों को गणित एवं हिन्दी विषय में विशेष रूप से मजबूत बनायें। उन्होंने कहा कि बच्चों के खेलने के लिए विद्यालय झूले भी लगवायें जायेंगे। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र में विद्युत कनेक्शन एवं पंखा न होने पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार झा से कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र में विद्युत कनेक्शन कराने के साथ पंखा लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने बच्चों के लिए विद्यालय में बनाये गये दोपहर भोजन को खाकर देखा तथा रसोईयों की प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहें।

# जे, पी, ल लीग क्रिकेट टूर्नामिंट सीजन फर्स्ट का खिताब ए,एम सनबीम जौनपुर ने जीता

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर मोहम्मद हसन कॉलेज ग्राउंड जौनपुर में चल रही जौनपुर प्रिमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में आज एस,एस सी को फाइनल मैच में ए, एम सनबीम जौनपुर ने नौ विकेट से पराजित किया और विजेता बनी टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए एस एस सी टीम मात्र 28 रन पे ऑल आउट हो गए जिसमें कोई बल्लेबाज डबल फिगर में प्रवेश कर सका सनबीम जौनपुर की तरफ से शुभम ने चार और नमन ने दो विकेट लिया जवाब में नमन नाबाद 17 रन की पारी से सनबीम सिर्फ पांचवे ओवर में ही 29 रन बना के खिताब और दो लाख कैश मनी प्राप्त किया उप विजेता टीम को शीशे की ट्रॉफी और 1 लाख कैश मनी पुरस्कार मिला प्लेयर ऑफ द मैच शुभम को दिया गया जबकि बेस्ट बॉलर शुभम बने बेस्ट बैटर दीपक बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामिंट नमन सिंह आदर्श को चुना गया मैच रेफरी और थर्ड अंपायर शौजब हुसैन थे जबकि मैदानी अंपायर रवि मिश्रा देवरिया और अखिलेश शर्मा बलिया थे कॉमेंटेटर के रूप में तालिब सिद्दीकी और सलमान शेख थे आयोजक अबुजर खान ,हैप्पी साबिर,अजमल ,जुल्फिकार अली थे जबकि चीफ गेस्ट विमलेश जी लक्ष्य गुप्ता और जौनपुर जिलाधिकारी दिनेश चंद सिंह विशिष्ट अतिथि नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह थे स्पेशल गेस्ट मनोज अग्रहरि जी थे पूरे पांच दिन जे पी ल जौनपुर में चर्चा का विषय बना रहा दर्शकों के हुजूम ने पूरे टूर्नामिंट में शमा बांधा रक्खा पूरे टूर्नामिंट में लाइव मैच हुआ और थर्ड अंपायर भी मौजूद रहे डी, आर,एस का भी खूब खिलाड़ियों ने उपयोग किया लास्ट में चीफ आयोजक अबुजर ने सभी का थैंक और स्वागत किया



## संक्षिप्त खबरें

### गद्दोपुर मे आयोजित हुआ आरोग्य स्वास्थ्य मेला

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रविवार को सभी पीएचसी एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ।इस मौके पर कुल पीएचसी– 36 मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में आम जन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और आरोग्य मेले का सफल संचालन संपन्न हुआ।जिले की सभी पीएचसी पर आयोजित आरोग्य मेले में चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा इलाज एवम स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ हासिल करने आए लोगों का स्वास्थ्य लाभ दिया गया और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान की गई।मेले में कुल चिकित्सकऋ 72, पैरामेडिकलऋ 218 द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। मेले में पुरुष मरीज 373, महिला मरीज 390, बच्चे 78, द्वारा अपना उपचार लाभ प्राप्त किया गया। मेले में आयुष्मान कार्ड बने 65, हेल्प डेस्क पर स्क्रीन हुए मरीज 123, कोविड टेस्ट 0 पॉजिटिव 0,आंख के मरीज 32, बुखार के मरीज 102, सांस के मरीज 88, पेट के मरीज 143, शुगर के मरीज 105, चर्म रोग के मरीज 108, टीबी के सस्पेक्टेड मरीज 34, एनीमिया के 27, उच्च रक्तचाप के 36, प्रसव पूर्व जांच 105, कुपोषित 1, रेफर 22. लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई।



### फॉर्म–7 के दुरुपयोग के विरोध में कांग्रेस–सपा का प्रदर्शन, जिलाधिकारी कार्यालय का किया घेराव

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। यूपी के जौनपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण (ै्प्) प्रक्रिया के तहत फॉर्म–7 के कथित दुरुपयोग और वोट चोरी के आरोपों को लेकर सोमवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने भारत निर्वाचन आयोग को संबोधित शिकायत ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। घेराव के दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस और सपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा और निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतंत्र पर हमला करने का आरोप लगाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने चेतावनी दी कि यदि फॉर्म–7 के माध्यम से की जा रही 'वोट चोरी' पर तत्काल रोक नहीं लगी, तो आंदोलन सड़क से लेकर संसद तक किया जाएगा। प्रमोद कुमार ने आरोप लगाया कि प्रत्येक ग्रामसभा के बूथों से लगभग 200 फॉर्म–7 भरकर जीवित और पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाए जा रहे हैं। उन्होंने फॉर्म–7 बांटने और भरवाने में शामिल भाजपा एजेंटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आग्रह किया।



# केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में तैनात निरीक्षकों के पदों का भविष्य अधर में, न्यायोचित हस्तक्षेप की उठी मांग

(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)

अयोध्या। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मे तैनात निरीक्षकों का भविष्य अधार में दिखाई दे रहा है जिसके चलते इस विभाग में तैनात निरीक्षक हतोत्साहित दिखाई दे रहे हैं। बताते चले कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल देश की आंतरिक तरिक सुरक्षा व्यवस्था की सबसे मजबूत कड़ी मानी जाती है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों, आतंकवाद–रोधी अभियानों और कानून व्यवस्था की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान और अधिकारी लगातार मोर्चा संभाले हुए हैं।देखा जाये तो इस पूरी व्यवस्था में निरीक्षक स्तर के अधिकारी फील्ड नेतृत्व की रीढ़ होते हैं।लेकिन हालिया कैडर रिव्यू प्रस्तावों और पदोन्नति प्रक्रिया में आ रही बाधाओं के कारण निरीक्षक संवर्ग का भविष्य गंभीर संकट में नजर आ रहा है। निरीक्षक न केवल प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभाते हैं, बल्कि फील्ड में जवानों का नेतृत्व करते हुए कठिन परिस्थितियों में निर्णय भी लेते हैं। इसके बावजूद वर्तमान समय में निरीक्षक संवर्ग अपने कैरियर विकास को लेकर गहरी निराशा और असंतोष से गुजर रहा है। बल के भीतर यह भावना प्रबल होती जा रही है कि वर्षों की सेवा और समर्पण के बाद भी उन्हें उनका उचित हक नहीं मिल पा रहा है।वर्ष 2019 में लागू किए गए ग्रुप श्ठश कैडर रिव्यू को प्रारंभ में एक सकारात्मक कदम माना गया था, क्योंकि इससे कॉन्स्टेबल से सब–इंस्पेक्टर तक पदोन्नति के अवसरों में वृद्धि हुई। हालांकि इसी कैडर रिव्यू में निरीक्षक पद की भूमिका को कंपनी सेकेंड–इन–कमांड (2प्ब्) से घटाकर केवल प्लाटून कमांडर स्तर तक सीमित कर दिया गया। इससे निरीक्षक रैंक की प्रशासनिक और नेतृत्वात्मक स्थिति कमजोर हुई और उनके कैरियर ग्रोथ पर प्रतिकूल असर पड़ा। वर्ष 2010 से 2025 तक प्रत्यक्ष नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों की भर्ती लगातार जारी रही। दूसरी ओर, निरीक्षक जैसे लोकल प्रोमोटी अधिकारियों को उनके निर्धारित कोटे के अनुरूप पदोन्नति नहीं मिल सकी। इसका परिणाम यह हुआ कि कैडर संरचना में असंतुलन पैदा हो गया। निरीक्षकों का कहना है कि जब डायरेक्ट असिस्टेंट कमांडेंट की भर्ती नियमित रूप से की जा रही है, तो निरीक्षक से असिस्टेंट कमांडेंट का लोकल प्रमोशन क्यों रोका जा रहा है। स्थिति तब और गंभीर हो गई, जब प्रस्तावित नए ग्रुप श।श कैडर रिव्यू में लगभग 1050 असिस्टेंट कमांडेंट पदों की संभावित समाप्ति की बात सामने आई। यदि यह प्रस्ताव लागू होता है, तो निरीक्षक से।ब् पदोन्नति की पहले से कमजोर श्रृंखला और अधिक बाधित हो जाएगी। इससे वर्षों से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे अधिकारियों की उम्मीदों पर गहरा आघात पहुंचेगा। पदोन्नति में हो रही देरी का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2009 बैच के निरीक्षक आज भी असिस्टेंट कमांडेंट पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वहीं, 2006 बैच के कई अधिकारी ऐसे हैं, जिन्होंने लगभग 16 वर्षों की सेवा के बावजूद निरीक्षक पद से आगे बढ़ने का अवसर नहीं पाया। वर्तमान हालात में यह आशंका गहराती जा रही है कि कई अधिकारी उसी रैंक में सेवानिवृत्त होने को मजबूर हो सकते हैं।निरीक्षक संवर्ग में यह भी असंतोष है कि मौजूदा पदोन्नति ढांचा असमान है।जहां कुछ अधिकारियों को 20 वर्षों की सेवा में चार पदोन्नतियां मिल रही हैं, वहीं सब–इंस्पेक्टर के रूप में भर्ती हुए अधिकारियों को एक भी सुनिश्चित पदोन्नति नहीं मिल पा रही है। यह स्थिति न केवल न्यायसंगत सेवा नियमों के खिलाफ है, बल्कि बल के भीतर मनोबल को भी कमजोर कर रही है। निरीक्षक संवर्ग का कहना है कि ग्रुप श्ठश और ग्रुप दोनों कैडर रिव्यू में उनकी भूमिका और भविष्य को लेकर स्पष्ट नीति नहीं बनाई गई। आज भी यह स्पष्ट नहीं है कि निरीक्षक रैंक की दीर्घकालिक प्रशासनिक स्थिति क्या होगी और उनके लिए कैरियर ग्रोथ का मार्ग कैसा होगा। इस अस्पष्टता ने पूरे संवर्ग को अनिश्चितता में डाल दिया है। निरीक्षक संवर्ग ने माननीय गृह मंत्री और महानिदेशक, ब्त्च्थ् से न्यायोचित हस्तक्षेप की अपील की है। उनकी प्रमुख मांगों में निरीक्षक के लिए स्पष्ट एवं सुनिश्चित पदोन्नति नीति का निर्माण, निरीक्षक से असिस्टेंट कमांडेंट पदोन्नति के लंबित बैकलॉग का शीघ्र निस्तारण, कैडर रिव्यू में संतुलित दृष्टिकोण अपनाकर कम से कम चार सुनिश्चित पदोन्नति अवसर प्रदान करना, तथा क।ळ‌ं और लोकल प्रोमोटी अधिकारियों के बीच संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना शामिल है। निरीक्षकों का कहना है कि वे वर्षों से देश की आंतरिक सुरक्षा और काउंटर–इंसर्जेंसी अभियानों में अग्रिम पंक्ति में सेवा दे रहे हैं। उनके कैरियर विकास, सम्मान और मनोबल की रक्षा करना न केवल संगठन, बल्कि राष्ट्र के हित में भी आवश्यक है।अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि गृह मंत्रालय और सीआरपीएफ नेतृत्व इस गंभीर मुद्दे पर क्या ठोस और न्यायसंगत निर्णय लेते है।

# केन्द्रीय मंत्री ने सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता मे बजट 2026 की उपलब्धियों को गिनाया




(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)

अयोध्या। केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने केंद्रीय बजट 2026 को 'उपलब्धियों और व्यापक सुधारों का बजट' बताते हुए कहा कि यह बजट देश को विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ाने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि माघ पूर्णिमा और संत रविदास जयंती जैसे ऐतिहासिक अवसर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार नौवां बजट पेश करना अपने आप में एक नया कीर्तिमान है। किसी मातृशक्ति द्वारा सबसे अधिक बार बजट प्रस्तुत करने का यह ऐतिहासिक अवसर देश के लिए गौरव की बात है। मेघवाल ने बताया कि बजट को तीन प्रमुख भागों में विभाजित किया गया है।पहला भाग वर्ष 2026 की तात्कालिक आवश्यकताओं पर केंद्रित है, दूसरा आगामी पांच वर्षों के विकास की रूपरेखा तय करता है और तीसरा 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने के लिए दीर्घकालिक योजनाओं को समर्पित है। उन्होंने कहा कि पर्यटन इंफ्रास्ट्रक्चर, एमएसएमई सेक्टर और बैंकिंग क्षेत्र के लिए इस बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में बढ़े आवंटन का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे देश की सुरक्षा क्षमता और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी, जबकि 2025 में यह चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 - 7007415808, 9415034002
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।